वर्ष 20 अंक 145
Pages 12
Bareilly, Monday,
5 February 2018
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - ₹ 3/-
Outside Bareilly City - ₹ 3/-

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 5 : RIGHT BOTTOM

सीएमई सेमिनार में मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने पर रहा जोर

सेमिनार को संबोधित करते देवमूर्ति.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (4 Feb): श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज भोजीपुरा बरेली के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा एक दिवसीय सीएमई का आयोजन संस्थान में किया गया. सीएमई का विषय 'फीटो मैटरनल मेडिसिन (मातृ भ्रूण चिकित्सा) विज्ञान' था. सीएमई का मुख्य उद्देश्य प्रसव से पूर्व, प्रसव के दौरान और प्रसव के बाद मां और भ्रूण के स्वास्थ्य रखने पर था. इसमें देश के कई मेडिकल संस्थानों से आए चिकित्सा विशेषज्ञों ने प्रसव अवस्था से पूर्व व बाद की विभिन्न समस्याओं और भ्रूण विसंगतियों को कम करने की जानकारी दी. उनहोंने मां एवं शिशु की मृत्यु दर को कम करना व नवीन अनुसंधानों के बारे में जानकारी दी. सीएमई का इनॉग्रेशन संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, विशिष्ट अतिथि डॉ. वत्सला डढवाल, एम्स नई दिल्ली, डॉ. आरके थापर, कमाण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ, डॉ. नीरा अग्रवाल, बोग्स, बरेली, संस्थान के प्राचार्य डॉ. एसबी गुप्ता, कार्यक्रम के चेयरपर्सन एवं संस्थान के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जेके गोयल और डॉ. शशि बाला मौजूद रही. सीएमई में देश के विभिन्न स्थानों से लगभग 200 से अधिक चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ साथ पीजी स्टूडेंटस ने भाग लिया.